**बिहार सरकार**
**योजना एवं विकास विभाग**

पत्रांकः 08/ज0शि0–01/2026 /यो0वि0,पटना,दिनांक जनवरी, 2026

प्रेषक,

**रविश किशोर,**
सरकार के संयुक्त सचिव

सेवा में,

**सभी वरीय प्रभारी पदाधिकारी, मुख्यालय,**
योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना।
**निदेशक,**
अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, बिहार, पटना।
**मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी,**
ब्लाडा।
**मुख्य अभियंता,**
स्था0क्षे0अभि0सं0, विश्वेसरैया भवन, नेहरू पथ,
बिहार, पटना।
**संयुक्त सचिव,**
बिहार राज्य योजना पर्षद, पटना।
**संयुक्त निदेशक,**
मुल्यांकन निदेशालय, बिहार, पटना।
**प्रभारी पदाधिकारी,**
बिहार मौसम सेवा केन्द्र, बिहार, पटना।
**सभी अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता,**
स्था0क्षे0अभि0सं0, बिहार।
**सभी क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी एवं जिला योजना पदाधिकारी,**
बिहार।
**सभी उप निदेशक (सांख्यिकी) एवं सभी जिला सांख्यिकी पदाधिकारी,**
बिहार।

E-mail

विषयः **मुख्य सचिव, बिहार के कोषांग में प्राप्त जनशिकायतों के समयबद्ध निवारण हेतु मुख्य सचिव जनशिकायत पोर्टल (cspgrs.bihar.gov.in) के प्रभावी उपयोग संबंध में।**

प्रसंग– **सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक 2928 (25) दिनांक 31.12.2025**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक पत्र के संबंध में कहना है कि सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक 2928 (25) दिनांक 31.12.2025 के द्वारा सूचित किया गया है कि नागरिकों की जनशिकायतें इस अपेक्षा के साथ मुख्य सचिव कार्यालय को प्राप्त होती है कि उनका नियमानुकूल एवं संतोषजनक निवारण तुरंत किया जाय। इस उद्येश्य के पूर्ति हेतु मुख्य सचिव जनशिकायत कोषांग का गठन किया गया है। इस कोषांग के माध्यम से

डाक / ईमेल / कॉल / व्हाट्स एप आदि से प्राप्त कतिपय संवेदनशील जनशिकायतों के सतत अनुश्रवण के लिए समर्पित पोर्टल (cspgrs.bihar.gov.in) प्रारंभ किया गया है।

शिकायतों के त्वरित निवारण एवं सतत अनुश्रवण सुनिश्चित करने हेतु इस पोर्टल से एक हेल्पलाईन भी जोड़ी गई है, जिसके संपर्क विवरण निम्नवत् है :–

- **फोन नंबर** : **0612–2217726 / 011–69120121**
- **ईमेल** : **info.cspgrs@bihar.gov.in**
- **व्हाट्स एप** : **9241871658**

सुलभ संदर्भ हेतु इस प्रणाली के उपयोग से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) संलग्न है।

अतएव पोर्टल **(cspgrs.bihar.gov.in)** के माध्यम से हस्तांतरित शिकायतों के निवारण को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने एवं आवश्यक प्रतिवेदन आवेदक को उपलब्ध कराने एवं ससमय अपलोड करने हेतु समुचित कार्रवाई की जाय। साथ ही प्रसांगिक पत्र में अंकित दिशानिर्देशों के अनुसार प्राप्त जनशिकायतों को पोर्टल पर नियमित समीक्षा सुनिश्चित करें, ताकि जनोन्मुख एवं उत्तरदायी प्रशासन की भावना को सशक्त किया जा सके।

**अनु0 –यथोक्त।**

विश्वासभाजन

ह0 / –

**(रविश किशोर)**

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः 08 / ज0शि0–01 / 2026 / यो0वि0,पटना,दिनांक जनवरी, 2026

प्रतिलिपि– मुख्य सचिव, बिहार के प्रधान आप्त सचिव / अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के प्रधान आप्त सचिव / अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः 08 / ज0शि0–01 / 2026 272 / यो0वि0,पटना,दिनांक 19 जनवरी, 2026

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16.1.26

सरकार के संयुक्त सचिव

आई0टी0 मैनेजर